मांग | लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ रहा

# गायत्री शक्ति पीठ मार्ग में डम्प किया जा रहा है कचरा



नवभारत, पथरिया। नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन सैकड़ों दर्जनों टन कचरा उठाकर एवं गाड़ियों में भरकर लंबे समय से वार्ड 14 के गायत्री शक्तिपीठ मार्ग पर डंप किया जा रहा है जिससे धीरे- धीरे कचरा बढ़े ढेरों में तब्दील होता जा रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी के कारण बहुत दुर्गन्ध फैल रही है एवं मच्छरों,कीटों का प्रकोप के साथ बीमारियाँ बढ़ने का भी खतरा मंडरा रहा हैं।

संबन्धित विभाग की उदासीनता के कारण अनेकों परिवारों को मजबूरी में गंदगी और बदबू में रहना पड़ रहा है जिससे लोगों में चिंता व्याप्त है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। क्षेत्रीयजनों ने प्रशाासन से अति शीघ्र कचरा हटवाने की मांग की है।

# रामनवमीं पर निकाली गई भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा

नवभारत,दमोह.श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार देर शाम शहर पूरी तरह राममय हो गया.जब भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में जय हुई,जहां विधिवत पूजा-अर्चना भगवान श्रीराम की झांकी के साथ यात्रा आगे बढ़ी.यह शोभायात्रा मोरगंज गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर राय चौराहा,घंटाघर, पुराना थाना,पठानी मुहल्ला महाकाली चौक सहित शहर श्रीराम के जयघोष गूंज उठे.शोभायात्रा की शुरुआत श्रीराम मंदिर मोरगंज से श्रीराम के जाप से होकर निकली.मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा किए. यात्रा का स्वागत किया.यात्रा में आकर्षक झांकियां लव जिहाद,गौ कसी रोकथाम,वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति की झांकी,भगवा ध्वज और भक्ति संगीत का विशेष आकर्षण देखने को मिला.डीजे की चुनर पर युवा और श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नाचते-गाते नजर आए.पूरे शहर में भगवा ध्वज लहराते दिखे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया.जगह-जगह स्वागत सत्कार के अलावा जलपान प्रसाद वितरित किया जा रहा था. राम भक्ति में दमोह शहर डूबा था. दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में ट्रेनिंग कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे,एसडीएम सौरभ गंधर्व,रचना प्रजापति तहसीलदार रॉबिन जैन,आशुतोष गुप्ता,एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई मनीष कुमार,टीआई अमित गौतम,टीआई अंजलि अग्निहोत्री, सरोज ठाकुर के अलावा और भी पुलिस बल तैनात था.जगह-जगह स्वागत में मुस्लिम समुदाय के अलावा और भी समाजों के द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया गया.









# भाजपा दीनदयाल नगर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

## विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

नवभारत,दमोह.भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 226 अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ स्थानीय पवित्र बंधन गार्डन परिसर में उत्साहपूर्वक किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक व पूर्व मंत्री जयंत मलैया, जिला महामंत्री महेश पटेल, अरुण तिवारी व जिला उपाध्यक्ष संजय यादव दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया,दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई द्वारा भारत माता,डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया.प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में जिला महामंत्री महेश पटेल ने भाजपा की विचारधारा विषय पर वक्तव्य दिया.

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की गरिमामयी उपस्थिति और दिशा निर्देशन तथा कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत एवं सहप्रभारी डॉ.राहुल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रति योगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 3 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत की.


# आनंद धाम में भव्य खप्पर महाआरती,कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन



नवभारत,जबेरा/दमोह. चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जबेरा स्थित आनंद धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद जी महाराज के सानिध्य में भगवती मैया की भव्य खप्पर महाआरती संपन्न हुई। महाआरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मां भगवती की आराधना की।महाआरती के पश्चात कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धापूर्वक कन्याओं का पूजन कराया गया। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।उल्लेखनीय है कि आनंद धाम में प्रतिवर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन साल में दो बार आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में न केवल जबेरा नगर बल्कि आसपास के जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और आध्यात्मिक वातावरण में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।

# वैराग्य की कसौटी से सजा राम का आदर्श- श्री भगवान वेदांताचार्य

**नवभारत,दमोह।** भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों की एक उज्ज्वल ज्योति के रूप में स्थापित है जो भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार वैराग्य के संदर्भ में उनके व्यक्तित्व पर विशेष रूप से प्रेरणादायक सिद्ध हुआ जब उन्हें वनवास का आदेश मिला,तब उन्होंने न केवल उसे सहज भाव से स्वीकार किया, बल्कि उसे धर्म पालन का अवसर मानकर अपनाया। राजमहल के वैभव, सत्ता और सुख-सुविधाओं का त्याग कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्चा वैराग्य बाहरी त्याग से अधिक आंतरिक संतुलन और आत्मनियंत्रण में निहित होता है। राम का यह निर्णय समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश बनकर उभरा जिसमें जीवन में आने वाली हर परिस्थिति को धैर्य और दृढ़ता के साथ स्वीकार करना ही श्रेष्ठ मार्ग है।यह उद्गार साकेत धाम पीठाधीश्वर श्री महंत श्री श्री भगवान जी के वक्तव्य का अंश है जो रामनवमी के पावन पर्व पर राम जन्मोत्सव के पश्चात भक्तों के मध्य श्रव्य हुआ.



# पीएमयूएम शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यमंत्री पटेल को ज्ञापन सौंपा

नवभारत,दमोह। पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह द्वारा लखन पटेल मंत्री, पशुपालन व दुग्ध विभाग को मप्र के शिक्षकों हेतु टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने संबद्ध में ज्ञापन सौंपा।पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह के जिला अध्यक्ष/प्रांत संयोजक पवन खरे ने बताया कि संस्थापक सतीश खरे व प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया के निर्देशन में मंत्री लखन पटेल को मप्र के शिक्षकों हेतु टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने संबद्ध के ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मुख्य रूप से मप्र में शिक्षकों की नियुक्ति समय-समय पर मप्र शासन द्वारा जारी नियमों व आदेशों के अंतर्गत की गई है। प्रदेश के हजारों शिक्षक वर्षों से अपनी पूर्ण योग्यता,दक्षता व अनुभव के आधार पर शासकीय विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा निरंतर बेहतर परीक्षा परिणाम दिए जा रहे हैं तथा शासकीय विद्यालयों के छात्र विभिन्न उच्च पदों व प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में 2-25 वर्षों का शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षकों से टीईटी परीक्षा देना अपेक्षित करना उचित व न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है।इसके अतिरिक्त,वर्ष 25,28 व 211 में व्यापम के माध्यम से पात्रता परीक्षा आयोजित कर संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी।

## एक नजर में

### वार्षिक सम्मेलन में हॉकी मप्र महासचिव लोक बहादुर सम्मानित



**नवभारत,दमोह.** हॉकी मध्य प्रदेश के लिए गौरव के पल आज हॉकी इंडिया द्वारा दिल्ली मे आयोजित वार्षिक सम्मेलन में हॉकी मध्य प्रदेश महासचिव लोकबहादुर को सर्वश्रेष्ठ संघ के रूप में सम्मानित किया तथा दस लाख की राशि भी प्रदान की.जिससे हॉकी मध्यप्रदेश के विभिन्न आयोजन व सहभागिता हेतु प्रदान की.इस अवसर पर हॉकी इडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की महासचिव भोलानाथ,कोषाध्यक्ष जे कुमारन उपस्थित रहे. हॉकी मध्य प्रदेश को वर्ष सोलह से वर्तमान तक तेतीस मेडल प्राप्त हुये.हॉकी मध्य प्रदेश की उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव दिग्विजय सिंह हाकी मध्य प्रदेश से गोर मास्साब विजय वर्मा,ललित नायक,जगेनदर तोमर,सहसचिव किशोर शुक्ला, मकसूद, राजेश गढवाल,हरिशंकर यादव, राजेश, आभा, रोहित, भगवान सिंह, कफील खान विजय अल्ताफखान हॉकी मध्य प्रदेश महिला साई कोच सरोज राजपूत, विकास जैन, तरूण नामदेव, विवियन आदि ने बधाई प्रेषित की है.

### एकता चेतना यात्रा मिलन समारोह आयोजित

**नवभारत,दमोह।** दिनांक 29 मार्च 2026 को अखिल भारतीय यादव महासभा के शताब्दी वर्ष पर एकता चेतना यात्रा हुआ मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी जाति बंधु सादर आमंत्रित हैं। आयोजन में मुख्य अतिथि मानव अधिकार आयुक्त भोपाल अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह यादव, महासभा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव,पूर्व सांसद सागर लक्ष्मीनारायण यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव,पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप यादव,पूर्व मंत्री छतरपुर ललिता यादव,कुलपति गुना डॉ किशन यादव,पूर्व विधायक जिला कांग्रेस ग्रामीण जबलपुर संजय यादव, संभाग अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह यादव मोनू भैया एवं नरेन्द्र यादव (नन्दू),दीपक यादव ने सभी से उपस्थिति की अपील कि हैं।

# रामनवमीं पर राज्यमंत्री पटेल ने किए कई विकास कार्यों के भूमिपूजन

## सांदीपनि स्कूल खुलेगा मगरोन में दी जानकारी



**नवभारत,दमोह।** ग्राम सगरोन व ग्राम मगरोन में सामुदायिक भवनों के भूमिपूजन के साथ-साथ प्रभु श्री वनवासी राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन में भी सहभागिता की। इसके अतिरिक्त ग्राम बरोदा एवं ग्राम हिनौती में सामुदायिक भवन व पुलिया निर्माण कार्यों का भी विधिवत भूमिपूजन किया गया। ये सभी विकास कार्य क्षेत्र की जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगे। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने रामनवमी के पावन अवसर पर विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान व्यक्त किये।इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने क्षेत्र में सांदीपनि स्कूल ग्राम मगरोन में प्रारंभ होने की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इस स्कूल के लिए पूर्व में भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए जा चुके हैं। सांदीपनि स्कूल लगभग 25 से 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होता है,जिसमें विद्यार्थियों के लिए बस परिवहन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा बटियागढ़ में 14 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से आईटीआई भवन निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका टेंडर शीघ्र जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसी प्रकार पथरिया में भी 14 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से आईटीआई भवन के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है।

# कलेक्टर ने परमपूज्य मुनि श्री के दर्शन किए



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नन्हे मंदिर में पहुंचकर परमपूज्य मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.साथ ही मुनि श्री के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की. भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.

# चोर गिरफ्त में, सोने चांदी के जेवरात बरामद



**नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह.** विगत दिनों जनपद कर्मचारी अभिषेक उपाध्याय जब दमोह में अपने घर दमोह गए थे. तब तेंदुखेडा के अपने सरकारी आवास जो कोर्ट के पास है.आगे से ताला लगाके पीछे कुंडी लगा कर परिवार सहित दमोह गए थे.दो दिन बाद जब तेंदुखेडा वापिस आये,तो घर के अंदर जाने पर गोदरेज की अलमारी टूटी हुई. मिली और नागदी सहित सोने चांदी के जेवरात गायब मिले. जिस पर अभिषेक ने19 तारीक को थाने मे जानकारी दी थी,जिस पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर उच्च अधिकारियों को सूचना दी थी. जिस पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर मामले की जांच की.तो सूत्रों से मिली जानकारी पर नगर के कुख्यात चोर कुल्ला रैकवार को पकड़ कर थाने लाई.तो कुल्ला ने चोरी करना कबूल कर सोने चांदी के जेवरात बरामद करवा दिये.पुलिस ने जेवरात बरामद कर आरोपी पर चोरी की धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यालय मे पेश किया.जहां से आरोपी जेल भेज दिया गया.आरोपी से सोने का रानी हार,दो मंगल सूत्र,चार सोने की चूड़ियां, पांच जोडी कान के,सोने की झुमकी,सोने की चार अंगूठी पांच जोड़ी पायल बरामद की.जिनकी आज के कीमत के अनुसार सात-आठ लाख के करीब है.पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई रावेंद्र बागरी,प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी, सालिम खान,आरक्षक नीरज नामदेव,रणधीर सिंह,विशाल वैन,शैलेंद्र सिंह, राम मिलन घोषी का योगदान रहा.

# करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों का मंत्री लोधी ने किया लोकार्पण व भूमि पूजन



**नवभारत,दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा से विधायक व मध्य प्रदेश शासन में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मंडल नोहटा के ग्राम कुलुवा (मौसीपुरा) में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही आदिवासी ग्राम भैंसखार में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा 23.87 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन भी किया।इस अवसर पर मंत्री लोधी ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से न केवल ग्रामवासियों बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी उपचार की सुविधा मिलेगी। पहले लोगों को इलाज के लिए नोहटा या जबेरा जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त लागत आती थी, लेकिन अब यह सुविधा गांव में ही उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष नोहटा सत्यपाल सिंह,बीएमओ डी.के. राय,जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल,सचिव लाल सिंह यादव,मंडल उपाध्यक्ष गनपत लोधी,उमराव सिंह लोधी,मुडारी सरपंच नरेंद्र लोधी,बाबू आदिवासी, संतोष पुरोहित रहें.

# चाकू बाजी में एक युवक को देर रात रेफर किया

**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र रेल्वे स्टेशन के पास चाकू बाजी में एक युवक को देर रात रेफर किया.घायल दयाल पिता झलकू विश्वकर्मा उम्र 5 वर्ष,पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास निवासी को चाकू मार कर बुरी तरह घायल कर दिया.जिसे उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया हालत गंभीर।



# बुक बैंक स्टॉल के माध्यम से लोग अपने बच्चों की पुरानी किताबें दान कर सकेंगे : कलेक्टर

29 से 31 मार्च तक एमएलबी स्कूल में पुस्तक मेले का होगा आयोजन

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह में आयोजित पुस्तक मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 29 मार्च से लगाया जा रहा हैं। यह मेला शाम 4 बजे एमएलबी स्कूल में लगेगा। उन्होंने कहा इसे 29, 3 और 31 मार्च (तीन दिन) के लिए लगाया जायेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसको एक दिन और बढ़ाया जा सकता हैं। यानि 1 अप्रैल तक भी इसको ले जा सकते हैं।उन्होंने कहा पुस्तक मेले की सारी तैयारियाँ लगभग पूरी हो गई हैं और इसमें दो आकर्षण और विशेष रूप से इस बार हम लोग रख रहे हैं, जो पिछली बार नहीं थे।कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इस बार मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम इसकी किताबें भी यहाँ विक्रय के लिए रखेंगे। मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के अधिकारी (जो उनके डिपो के अधिकारी हैं) भी यहाँ आ रहे हैं और वे अपना पूरा एक स्टॉल वहाँ प्रदर्शित करेंगे। जो विद्यार्थी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं, जो माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड वाले हैं उन बच्चों को ये किताबें आराम से और बहुत सस्ती दरों पर उपलब्ध हो जाएँगी।कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आप लोग जब पुस्तक मेले का भ्रमण करने आएँ, तो अपने बच्चों की भले ही वह केजी-1, केजी-2 या 12वीं तक किसी भी कक्षा की कोई भी किताब हो, यदि आपके बच्चे उसका उपयोग आगे नहीं कर रहे हैं, तो कृपया उसे दान के रूप में हमें भेंट करें। हम इन्हें गरीब और ज़रूरतमंद बच्चों तक पहुँचाएँगे।

# हार्ट अटैक से हुई कर्मचारी की मौत

नवभारत,दमोह. शनिवार को दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र में स्थित माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के इमलाई यूनिट में कंपनी के एक कर्मचारी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई.जिस घटना पर फैक्ट्री प्रबंधन ने अपना गहरा दुख जताते हुए बताया कि ये घटना हमारी कंपनी के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने कहा कि हमने अपना एक अनुभवी कर्मचारी खो दिया है.जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है.कर्मचारी जो कि गोविंद अहीरवाल है,जो इमलाई ग्राम का ही निवासी बताया गया है.जो फैक्ट्री के क्वालिटी विभाग में अपनी सेवाएं दे रहा था.सूचना मिलते ही मौके पर देहात थाना प्रभारी अमित गौतम,सब इंस्पेक्टर रोहित द्विवेदी और चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल सहित पुलिस पहुंची थी.

भूमिपूजन | ग्रामीणों को सुविधाओं की सौगात

# पथरिया स्थित खेर माता मंदिर में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण

**नवभारत,पथरिया/दमोह। मेरे जीवन में जो भी उपलब्धियाँ मिली हैं, वे खेरमाता माँ के आशीर्वाद का परिणाम हैं। जब विधायक नहीं थे, तब भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर सोचते रहते थे। अपने बैंकिंग कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी लोगों की मदद करने की इच्छा थी, लेकिन व्यापक स्तर पर जनकल्याण के लिए राजनीतिक मंच आवश्यक है,बिना राजनीतिक शक्ति के जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाना संभव नहीं है,**

इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने पथरिया स्थित खेर माता मंदिर में नवनिर्मित टीन शेड के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किये।राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम जोरतला एवं बेलखेड़ी में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होने कहा कि आने वाले समय में पथरिया विधानसभा का हर गाँव पूर्ण रूप से सिंचित होगा, चार प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ पहले ही पूर्ण हो चुकी हैं और शेष कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। फतेहपुर सेक्टर के 24 गाँवों को केन-बेतवा लिंक परियोजना से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होने कहा 23 गाँवों की 18,51 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दुनयधाम योजना की घोषणा की गई है। इस योजना का प्रस्ताव तैयार होकर आगे बढ़ चुका है, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक पटेल,नगर परिषद अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा,मंगल कुशवाहा, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू, सुखई दाउ सहित जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार,योगेश चौधरी, संदीप चौरसिया,नरेन्द्र सराफ,देवेन्द्र बाकड़ा,प्रीतम पटेल सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल नें मंदिर में पूजन अर्चन कर क्षेत्र और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की और कन्या भोज में कन्याओं को भोजन परोसा साथ भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

